# कार्यालय आयुक्त कोष एवं लेखा मध्यप्रदेश

पर्यावास भवन पंचम तल खंड 'अ' अरेरा हिल्स मदर टेरेसा मार्ग भोपाल (म.प्र.)
Phone no. 0755-2676020, 2676040, 2676021 email: dtamp.bpl@mp.gov.in

क्रमांक/डीटीए/2025/पेरोल/430416/ 78 दिनांक: 28/04/2025

प्रति,

1. समस्त वित्तीय सलाहकार/वित्त अधिकारी/लेखा अधिकारी
   समस्त विभाग
2. समस्त कोषालय अधिकारी,
   मध्य प्रदेश।

विषय :- वेतन देयकों के भुगतान के संबंध में।

विषयान्तर्गत कोषालयों में प्रस्तुत किये जा रहे वेतन देयकों में समय-समय पर विसंगति पूर्ण भुगतान/त्रुटि पूर्ण भुगतान के बिन्दु समक्ष में आये हैं। अत: अपेक्षित है कि वेतन देयकों के साथ भत्तों के भुगतान का अधीनस्थ आहरण एवं संवितरण अधिकारी सूक्ष्मता से परीक्षण करें एवं संलग्न प्रमाण पत्र वेतन देयकों के साथ आवश्यक रूप से स्कैन कर संलग्न करें कि वेतन देयकों को उनके द्वारा परीक्षण किया गया है एवं देयक तथा वेतन भत्तों की राशि सही है।

कृपया उक्त निर्देशों से अपने सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को अवगत करायें। विभागाध्यक्ष कार्यालय में पदस्थ वित्त अधिकारी निर्देशों को अधीनस्थ कायार्लयों को सूचित करते हुए निरंतर मानिटरिंग किये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें ।

**(आयुक्त द्वारा अनुमोदित)**

संचालक
कोष एवं लेखा

पृ0क्रमांक/2025 / 79 भोपाल, दिनांक 28/04/2025

प्रतिलिपि:-

1. निज सहायक, प्रमुख सचिव, वित्त विभाग वल्लभ भवन।
2. निज सहायक, आयुक्त कोष एंव लेखा भोपाल ।
3. समस्त विभागाध्यक्ष की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक निर्देशन हेतु प्रेषित।
4. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा मध्यप्रदेश ।
5. समस्त कोषालय अधिकारी मध्यप्रदेश की ओर पालनार्थ, वेतन देयकों के प्रस्तुतीकरण एवं भुगतान के संबध प्रमाण पत्र का परीक्षण करें एवं कलेक्टर की टी एल मीटिंग में आवश्यक रूप से उक्त बिन्दु रखा जावे।

संचालक
कोष एवं लेखा

**प्रमाण पत्र का प्रारूप**

आहरण एवं संवितरण अधिकारी का नाम----------------पदनाम------------कार्यालय -----एतद् द्वारा प्रमाणित करता हूँ कि माह -------- वर्ष----------के आहरित किये जा रहे वेतन, महंगाई भत्ता, गृह भाडा भत्ता, स्थायी यात्रा भत्ता, एनपीए, अन्य भत्ता राशि व नियमानुसार कटौत्रा राशि का पात्रता अनुसार देयक में सम्मिलित कुल शासकीय सेवक संख्या ------ की राशि का व्यक्तिश: परीक्षण किया गया है। देयक नियमानुसार सही एवं पात्रता अनुसार ही राशि का आहरण किया जा रहा है।

देयक सकल राशि--------

शुद्ध राशि -----

देयक में जिस कर्मचारी को अधिकतम राशि प्रदत्त की जा रही है उस एक कर्मचारी का विवरण :-

कर्मचारी का नाम -

कर्मचारी का पद -

i. Basic
ii. DA
iii. HRA
iv. CA
v. Washing Allowance
vi. Other Allowance
vii. NPA
viii. Personal Pay (PP)
ix. Tribal Area Allowance
x. Medical Allowance
xi. Fixed TA
xii. Special Pay
xiii. Sumptuary Allowance
xiv. Any other allowance, not mentioned in the list above

| | | |
|---|---|---|
| दिनांक ----- | हस्ताक्षर<br>लेखापाल/वेतन देयक तैयार करने वाले शासकीय सेवक | हस्ताक्षर<br>आहरण एवं सं वितरण अधिकारी |